## सार-समाचार

### शहरी आयुष्मान आरोग्य केन्द्र शुरू

**चिड़ावा** (निसं)। शहर की पुरानी नगरपालिका के सामने स्थित मदर एंड चाइल्ड हॉस्पिटल में शहरी आयुष्मान आरोग्य केन्द्र शुरू हुआ है। अब क्षेत्र के लोगों को उनके घर के निकट ही सरकारी चिकित्सा सेवाओं का लाभ मिल सकेगा। अस्पताल के लिए हरीराम हलवाई चैरिटेबल ट्रस्ट के द्वारा भवन उपलब्ध करवाया गया है। ट्रस्ट के स्थानीय प्रतिनिधि कांति प्रसाद हलवाई व चिकित्सा विभाग के अरबन डीपीएम सियाराम पूनिया ने बताया की शहर के लोगो को बेहतर चिकित्सा सुविधाओं के लिए स्वास्थ्य केन्द्र पर एक चिकित्सक, दो नर्सिंग ऑफिसर, एक फार्मासिस्ट, एक एएनएम, हेल्पर व स्वीपर की नियुक्ति की गई है। केंद्र की चिकित्सा अधिकारी डॉ मोनिका ने बताया की अस्पताल में आठ प्रकार की जांच व निशुल्क दवाओं की सुविधा मरीजों के लिए उपलब्ध रहेगी। अस्पताल का समय शीत ऋतु में में सुबह 9 बजे से दोपहर 3 बजे तक ग्रीष्म ऋतु में सुबह 8 बजे से दोपहर 2 बजे तक का रहेगा। सीएमएचओ डॉ छोटे लाल गुर्जर, शहर के उपजिला अस्पताल की प्रभारी डॉ सुमन लता कटेवा ने शहर वासियों से राज्य सरकार द्वारा उपलब्ध करवाई गई सुविधाओं का अधिक से अधिक लाभ उठाने की बात कही है।

### उत्कृष्ट सेवा के लिए सम्मानित

**रतनगढ़** (निसं)। शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय सेवाओं के लिए राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित मूलतः रतनगढ़ निवासी परम सम्माननीय कुलदीप व्यास सेवानिवृत मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी सुजानगढ़ को राजस्थान शिक्षा सेवा परिषद जिला चूरू द्वारा उत्कृष्ट राजकीय सेवा के लिए उनके घर पर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर पूर्व सेवानिवृत सीईओ रतनगढ़ मोहम्मद अनवर कुरैशी, राजस्थान शिक्षा सेवा परिषद के जिला महामंत्री विक्रम सिंह चौहान, हरलाल डूडी, विनोद कुमार जांगिड़, राधा कृष्ण पीपलवा उपस्थित थे। व्यास को माला शॉल एवं मोमेंटो भेंट कर सम्मानित किया गया। व्यास 2024 में राजस्थान सरकार द्वारा भामाशाह प्रेरक के रूप में भी सम्मानित हो चुके हैं। व्यास राजस्थान के शिक्षा क्षेत्र में अति विशेष स्थान रखते हैं.श्री कुलदीप व्यास बहुमुखी प्रतिभा के धनी है, कोविड काल में अपनी गायन कला से राज्य के माहौल को नीरसता से बचाया. मंच संचालन आपकी विशिष्ट अभिव्यक्ति हैं,राजस्थान शिक्षा सेवा परिषद आपको सम्मानित कर गौरवान्वित अनुभव करता हैं

### विद्यार्थियों ने शैक्षिणक भ्रमण किया

**सीकर** (निसं)। स्थित प्रिंस एजुहब के कक्षा 12वीं कृषि संकाय के विद्यार्थियों ने राजस्थान एग्रीकल्चर रिसर्च इंस्टीट्यूट, दुर्गापुरा, जयपुर का शैक्षिणक भ्रमण किया। इस दौरान विद्यार्थियों ने फसलों पर लगने वाले विभिन्न कीटों का संग्रहण, फलदार पौधों व सब्जियों की क्यारियां, फार्म पोंड, हाईटेक नर्सरी, हाइड्रोपोनिक तकनीक, मौसम विज्ञान प्रयोगशाला के विभिन्न उपकरणों, पोली हाउस, ड्रिप सिंचाई सिस्टम, मृदा परीक्षण प्रयोगशाला आदि के बारे में विस्तृत जानकारियां प्राप्त की। राजस्थान एग्रीकल्चर रिसर्च इंस्टिट्यूट के जेनेटिक्स एंड प्लांट रिप्रोडक्शन विभाग के असिस्टेंट प्रोफेसर डा. राजूराम चौधरी, एंटोमोलॉजी विभाग के असिस्टेंट प्रोफेसर डा. मुकेश निठारवाल व सीड साइंस एंड टेक्नोलॉजी डिपार्टमेंट के एसोसिएट प्रोफेसर डा. आर. सी. मीणा ने विद्यार्थियों से कृषि विज्ञान से संबंधित नवीन तकनीकें व सामयिक जानकारियां साझा की। इस दौरान प्रिंस एजुहब एग्रीकल्चर डिपार्टमेंट के व्याख्याता मुरली पंवार, सुनील निठारवाल एवं कार्तिकेय वशिष्ठ भी उपस्थित रहे।

### मतदान दिवस पर सार्वजनिक अवकाश

**सीकर** (निसं)। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं जिला कलेक्टर मुकुल शर्मा ने आदेश जारी कर नगरीय निकायों के उपचुनाव करवाये जाने के लिए चुनाव कार्यक्रम की घोषणा कर दी गई है। उन्होंने बताया कि 9 जनवरी 2025 को नगरीय निकायों के सदस्यों से संबधित रिक्त पदों का निर्वाचन होना है। राजस्थान नगरपालिका अधिनियम, 2009 की धारा 28 के अनुसार लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 135-ग के प्रावधान इन चुनावों में भी लागू होंगे। आदेशानुसार सीकर जिले में 9 जनवरी 2025 को वार्ड संख्या 12, नगरपालिका रींगस में सविरोध निर्वाचन होने की स्थिति में इस निर्वाचन क्षेत्र में स्थित सरकारी एवं अर्द्धसरकारी कार्यालयों में मतदान दिवस 9 जनवरी 2025 (गुरुवार) को सार्वजनिक अवकाश घोषित किया है। साथ ही पुनर्मतदान की स्थिति में भी जहां पुनर्मतदान होगा उस मतदान क्षेत्र, क्षेत्रों में पुनर्मतदान की तिथि को भी सार्वजनिक अवकाश घोषित किया गया है।

### 100 ऊनी कंबल वितरित

**रतनगढ़** (निसं)। शीतलहर के आगाज के साथ ही लायंस क्लब प्रेरणा रतनगढ़ द्वारा 101 ऊनी कंबल वितरण कार्यक्रम में उपखंड अधिकारी रामकुमार वर्मा, सज्जन कुमार लाटा तहसीलदार रतनगढ़ के मुख्य आतिथ्य में हनुमान पार्क के पास कंदोई निवास में प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी क्लब के सदस्यों के आर्थिक सहयोग से आयोजित किया गया। उपखंड अधिकारी वर्मा ने कहा कि जरूरतमंदों की सेवा ही पुण्य का कार्य है। गरीब तबके के परिवार को 101 ऊनी कम्बल वितरित किए गए। साथ ही सुशील कंदोई परिवार द्वारा 5 कार्टून गुड श्याम गौशाला में दिया गया।इस अवसर पर जॉन चेयरपर्सन संदीप कंदोई, केटीसी ग्रुप के चैयरमेन राज खान, भारती मुद्गल,क्लब अध्यक्ष वीरेन्द्र बुनकर, ओमप्रकाश चौहान, डॉ जयकांत बिंवाल, डॉ रमाकांत शर्मा, भंवरलाल शर्मा, सुधीर शर्मा, जितेंद्र बूबना, सुनील चोटिया, एडवोकेट महेंद्र सैनी, ललित पारीक, साबिर अली नजमी, हिमांशु कंदोई आदि उपस्थित रहे।

### श्रद्धांजलि सभा आयोजित

**रतनगढ़** (निसं)। श्री दुर्गाप्रसाद धानुका बालिका उच्च माध्यमिक आदर्श विद्या मंदिर में विद्यालय भामाशाह तथा धानुका ग्रुप चैयरमेन रामगोपाल धानुका की धर्मपत्नी स्व. उर्मिला धानुका के देवलोक गमन पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। स्थानीय समिति के आनन्दीलाल चौधरी, वासुदेव चाकलान तथा प्रधानाचार्य लोकेश चौमाल ने उनके जीवन परिचय तथा समाज के लिए किये गये योगदान के बारे में जानकारी दी। इस अवसर पर जिला सह सचिव मनिष वैदी, अध्यक्ष रामगोपाल मुरारका, व्यवस्थापक रामवतार शर्मा, परमेश्वर आत्रेय, अमरचन्द दायमा, वैद्य लक्ष्मीनारायण शर्मा, जमुना देवी, प्रधानाचार्य सुनील महर्षि, नरेन्द्र कुमार चौमाल, ताराचन्द शर्मा, दिनेश तिवाडी,नागरमल प्रजापत, मनीष प्रजापत सहित समस्त विद्यालय स्टॉफ ने पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी।

### चिकित्सा संस्थान का निरीक्षण किया

**सीकर** (निसं)। चिकित्सा विभाग के अतिरिक्त मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉं हर्षल चौधरी ने गुरूवार को जिले के प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र तीहावली औचक निरीक्षण किया। उन्होंने परिवार कल्याण कार्यक्रम, आरसीएच गतिविधियां, संस्थान की नियमित साफ-सफाई, दवाइयों की उपलब्धता, जांच की स्थिति, उपकरणों का रखरखाव, स्टाफ की उपस्थिति का जायजा लिया। उन्होंने आम जनता को गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा सेवाएं व सुविधाएं उपलब्ध करवाने के निर्देश दिए। सैक्टर हैल्थ सुपरवाईजर मंजू देवी अनुपस्थित मिली। इस पर उनको नोटिस जारी किया गया। निरीक्षण में संगणक अक्षय गेट भी मौजूद थे।

### दुर्घटनाओं को कम करने पर चर्चा हुई

**रतनगढ़** (निसं)। सड़क सुरक्षा सप्ताह के मध्यनजर उपखंड अधिकारी कार्यालय में उपखंड अधिकारी की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। बैठक में पुलिस उपअधीक्षक अनिल कुमार, एक्सईएन सानिवि केसी मीणा, एईएन सानिवि रामनिवास, आरटीओ इन्सपेक्टर सुजानगढ़, देवीसहाय एसआई पुलिस थाना, जेईएन नगरपालिका रतनगढ़ भरत गौड़, प्राचार्य जालान कॉलेज एके सक्सेना, नेशनल हाईवे के अमित,मनोज चोटिया आदि उपस्थित रहे। बैठक में सड़क दुर्घटना के संभावित स्थानों व दुर्घटनाओं को कम करने पर चर्चा की गई व बैठक उपरांत सरदारशहर मार्ग व संगम चौराहा, सुजानगढ़ मार्ग व जयपुर पुलिया आदि स्थानों का मौका निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान संबंधित विभागों को आवश्यक दिशा निर्देश प्रदान किए व आगामी बैठक से पूर्व उक्त निर्देश की पूर्ण पालना हेतु निर्देशित किया गया।

### भगवान को हलवे का भोग लगाया

**चिड़ावा** (निसं)। शहर के मुख्य बाजार स्थित नगर सेठ के रूप में ख्यात आराध्य देव कल्याण राय और लाडली जी को पौष बडे का प्रसाद समर्पित किया गया। मंदिर में वर्तमान महंत अशोक पुजारी ने गर्मागर्म हलवा और पकौडियों का भगवान को भोग लगाया और भगवान से जन कल्याण की कामना की। इस दौरान भगवान को क्रीम कलर का कोट और ऊपर से गर्म मफलर, लाडली जी को भी गर्म शॉल ओढ़ाई गई। श्रृंगारित ईश्वरीय मूर्तियां सभी का मन मोह रही थी।इधर भोग लगाने के बाद श्रद्धालुओं को प्रसाद का वितरण किया गया।

# अब महिलाएं अपने आप को सुरक्षित महसूस करेंगी : एस.एस.पी. यादव

**चूरू** (निसं)। राज्य सरकार और राजस्थान पुलिस मुख्यालय के निर्देशानुसार, राजकोप सिटीजन ऐप के तहत 06 नई स्कूटी से सुसज्जित कालिका पेट्रोलिंग यूनिट के 12 सदस्यीय टीम को एसएसपी जय यादव ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

एसएसपी जय यादव ने बताया कि यह यूनिट अब किसी भी सूचना मिलने पर तुरंत मौके पर पहुंचेगी और असामाजिक तत्वों के खिलाफ कार्रवाई करेगी। उन्होंने कहा कि इस ऐप के माध्यम से अपराध दर को कम किया जा सकता है और महिलाओं को सुरक्षा का अहसास होगा। महिलाएं अब खुद को अधिक सुरक्षित महसूस करेंगी, क्योंकि इस यूनिट

- **'इस ऐप के माध्यम से अपराध दर को कम किया जा सकता है'**



एस.एस.पी. जय यादव ने कालिका पेट्रोलिंग यूनिट को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

द्वारा किसी भी महिला या युवती से बदसलूकी, छेडछाड या मोबाइल पर गलत भाषा का प्रयोग करने वाले अपराधियों के खिलाफ तत्काल कार्रवाई की जाएगी। एसआईयूसीएडब्ल्यू की एएसपी डॉ. कृष्णा सामरिया ने बताया कि इस यूनिट में हैड कांस्टेबल कौशल्या, हैड कांस्टेबल सरिता, कांस्टेबल पूनम, प्रमिला, कांता सोनगरा, हमलेश, निर्मला, प्रियंका, सुनीता, सुमन, निरंजना और सुमन शामिल हैं। ये सदस्य शहर के कॉलेज, स्कूल और अन्य क्षेत्रों में महिलाओं और बालिकाओं को इस ऐप के बारे में जानकारी देंगे और जागरूक करेंगे, ताकि महिलाएं अपनी सुरक्षा को लेकर सजग रहें।

### प्रतियोगिता आयोजित

**चूरू**, (निसं)। बडौदा राजस्थान क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक, प्रधान कार्यालय अजमेर द्वारा पर्यावरण संरक्षण के सम्बन्ध में जागरूकता फैलाए जाने के उद्देश्य से इस वर्ष हेतु अंगीकृत थीम के तहत स्कूली विद्यार्थियों के लिए वाद-विवाद प्रतियोगिता का ग्रैंड फिनाले आयोजित किया गया।

गुमान सिंह शेखावत ने बताया कि फिनाले में बैंक के सभी 12 क्षेत्रीय कार्यालयों में पूर्व में आयोजित प्रतियोगिता के प्रथम चरण के विजेता विद्यार्थियों के मध्य फाइनल आयोजित किया गया। प्रतियोगिता में प्रतिभागियों ने पर्यावरण और स्वच्छता-कानून से ज्यादा स्व-प्रेरणा महत्वपूर्ण विषय के पक्ष-विपक्ष में पूर्ण उत्साह के साथ अपने विचार प्रस्तुत किए। प्रतियोगिता में अलवर से राधा यादव विजेता रही तथा झुंझुनूं से नव्या जैन व चूरू से लक्ष्या राठौर द्वितीय एवं तृतीय स्थान पर रही।

बैंक की तरफ से विजेता प्रतिभागी को पुरस्कार स्वरूप ग्यारह हज़ार, द्वितीय स्थान हेतु इक्यावन सौ, तृतीय स्थान हेतु इकत्तीस सौ तथा अन्य सभी प्रतिभागियों को सांत्वना राशि प्रदान की गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बैंक अध्यक्ष यादव एस ठाकुर तथा निर्णायक वी सी जैन, महाप्रबंधक बड़ौदा राजस्थान क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक श्रीमती शिल्पी जैन, अधिकारी नाबार्ड एवं अंकुर प्रजापति, शिक्षक एवं नगर प्रमुख विवेकानंद केंद्र थे।

# 250 ख्यातिनाम प्रतिभाओं का सम्मान किया

- **टीसी प्रकाश स्मृति सम्मान समारोह आयोजित**
- **नेपाल पीस फाउंडेशन ने 22 प्रतिभाओं को डॉक्टरेट मानद की उपाधि प्रदान की**

**शिमला**, (निसं)। शेखावाटी के महान साहित्यकार पत्रकार लेखक स्व. टीसी प्रकाश की 92वीं जयंती समारोहपूर्वक ग्राम शिमला के खेल मैदान में गुरुवार को मनाई गई।

समारोह के मुख्य अतिथि पूर्व ऊर्जा मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह थे। समारोह की अध्यक्षता सिंघानिया विश्वविद्यालय के अध्यक्ष रिटायर्ड आईएएस डॉ. मनोज कुमार ने की। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में गांधी पीस फाउंडेशन नेपाल के फाउंडर डॉ. लाल बहादुर राणा, डॉ. हरिसिंह गोदारा, डॉ. संदीप नेहरा, मूर्तिकार मातूराम वर्मा, पचार पीठ के पीठाधीश्वर सौरव राघवाचार्य, सूचना एवं जनसंपर्क विभाग के डिप्टी डायरेक्टर लीलाधर दोचानियां, राव ईश्वरसिंह, सुप्रीम कोर्ट के एडवोकेट डॉ. हिमांशु उपाध्याय, राजस्थान हाईकोर्ट के एडवोकेट डॉ. उमराव सिंह यादव, विप्र महासंघ संपूर्ण भारत के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. अंबिकादत्त कौशिक, प्रोफेसर पीएस जसल, मिस्टर सुनील कुमार, सोबती कुमार, मोहम्मद इमरान हाशमी, सिंघाना नगर पालिका के अध्यक्ष विजय पांडे, खेतड़ी डीएसपी जुल्फिकार अली, राहुल गांधी विचार मंच के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष पीएम सुरोलिया, वरिष्ठ पत्रकार वीर वीरांगना संपादक राधेश्याम भारती भाई, डॉ. मोनिका सैनी, ठाठवाडी सरपंच डॉ. किशोरीलाल यादव, महिला कांग्रेस जिलाध्यक्ष शारदा ढाका, शिमला सरपंच रीना देवी, धर्मपाल यादव, ब्राह्मण समाज के जिलाध्यक्ष कैलाश पांडे, विजय यादव, डॉ. लोकेश मान जयपुर, उम्मेदसिंह मान, डॉ. अक्षय शर्मा, मेहाडा थानाधिकारी सरदारमल जाट आदि थे।

कार्यक्रम संयोजक रामानंद शर्मा ने स्वागत भाषण दिया। सर्वप्रथम टीसी प्रकाश को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इसी के साथ ही भारत के पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह को भी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। कार्यक्रम समिति ने पधारे हुए सभी अतिथियों का स्वागत सम्मान किया गया। इस अवसर पर गांधी पीस फाउंडेशन नेपाल द्वारा 22 व्यक्तियों को डॉक्टरेट की मानद उपाधि से तथा पांच व्यक्तियों को नोबेल शांति पुरस्कार देकर भी सम्मानित किया गया। आयोजन समिति द्वारा संपूर्ण भारतवर्ष से ख्याति प्राप्त 251 प्रतिभाओं को टीसी प्रकाश शेखावाटी गौरव अवार्ड देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डॉ. जितेंद्रसिंह ने कहा कि टीसी प्रकाश एक महान पत्रकार थे।

उन्होंने ग्रामीण क्षेत्र में पत्रकारिता की अलख जगाही थी। वो वरिष्ठ साहित्यकार व लेखक भी थे तथा मेरे मार्गदर्शक थे। आज उनके पुत्र रामानंद शर्मा 16 वर्ष से उनकी स्मृति में यह सम्मान समारोह का आयोजन कर रहे हैं। उनके लिए वो बधाई के पात्र हैं। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अध्यक्ष डॉ. मनोज कुमार ने कहा कि टीसी प्रकाश एक हस्ती थे तथा उनकी याद में कार्यक्रम आयोजित किया जाता है। यह वास्तव में ही काबिले तारीफ है। कार्यक्रम को मातूराम वर्मा, डॉ. संदीप नेहरा, डॉ. हरिसिंह गोदारा, डीएसपी जुल्फिकार अली, पत्रकार राधेश्याम भारती व राव ईश्वर सिंह सहित अनेक लोगों ने संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन अनिल शर्मा, पवन कौशिक व पवन शर्मा ने किया। समारोह में स्मारिका का विमोचन भी किया गया।

# विधायक राजेंद्र भांबू का अभिनंदन किया

- **भांबू ने झुंझुनूं की सरकारी स्कूलों को शिक्षा विभाग में सिरमौर बनाने का संकल्प दिलाया**

**झुंझुनूं**, (निसं)। विधायक राजेंद्र भांबू का शिक्षा विभाग में कार्यरत शिक्षा अधिकारियों, प्रिंसिपल्स, वाइस प्रिंसिपल्स, व्याख्याता, शिक्षक, शिक्षिकाओं और विभागीय कर्मचारियों द्वारा अभिनंदन किया गया। नववर्ष स्नेह मिलन कार्यक्रम के तहत आयोजित इस कार्यक्रम में भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष मुकेश दाधीच का भी भांबू के साथ अभिनंदन किया गया।

इस मौके पर भांबू ने सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं को संकल्प दिलाया कि झुंझुनूं विधानसभा क्षेत्र की सरकारी स्कूलों को हर क्षेत्र में सिरमौर बनाएं। इसमें सरकार के स्तर पर भी जो भी सहयोग चाहिएगा। वो दिलाएंगे। लेकिन शिक्षक शिक्षा का स्तर सुधारने, गुणवत्ता को और अधिक बढाने तथा नामांकन को बढाने में अपनी जी-जान लगा दें। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि भाजपा नेता मुरारी सैनी व सुरेंद्र सिंह भांबू रहे। कार्यक्रम के दौरान शिक्षकों की ओर से 51 किलो की फूल माला पहनाकर अतिथियों का स्वागत किया गया। इस मौके पर भांबू ने यह भी कहा कि उन्हें हर चुनाव में शिक्षकों का सहयोग मिला है। बहुमत मिला है। जिसके आभार के लिए उनके पास शब्द नहीं है। उन्होंने कहा कि हर गांव को आदर्श पंचायत बनाने का भी वे सपना देखते है। जो बिना शिक्षकों के सहयोग के पूरा नहीं होगा। उन्होंने कहा कि जिस भी सरकारी स्कूल में शौचालय नहीं है। वहां पर प्राथमिकता के आधार पर शौचालय बनाए जाएंगे। यह कार्य शत-प्रतिशत हो। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए मुकेश दाधीच ने कहा कि सरकार के पास बजट की कोई कमी नहीं है। झुंझुनूं जिलों कि सभी नगर पालिकाओं का विकास तथा ग्राम पंचायत के बजट पर हमारा फोकस रहेगा।

मुख्यमंत्री से मिलकर हम जिले के लिए दिन और रात प्रयास करेंगे। वर्तमान में झुंझुनूं जिला सीकर से काफी पिछड़ा हुआ है। हमें मिलकर इसको आगे बढ़ाना है। शिक्षा के क्षेत्र में आपको अलख जगानी होगी। बच्चों को न्यू एजुकेशन पॉलिसी के तहत अच्छी शिक्षा मातृभाषा में दी जाएगी। कार्यक्रम में मुरारी सैनी ने भी शिक्षकों को देश दुनिया का सबसे बेहतरीन सेवक मानते हुए उनसे अच्छी शिक्षा हेतु धन्यवाद कहा। कार्यक्रम का संचालन महेंद्र शास्त्री ने किया। स्वागत भाषण मनजीत चौधरी ने दिया। कार्यक्रम में विनोद झाझड़िया प्रधानाचार्य, प्रदीप झाझड़िया शारीरिक शिक्षक, सुमित्रा झाझड़िया डाइट प्रधानाचार्य, उम्मेद महला व प्रमोद आबूसरिया अतिरिक्त जिला शिक्षा अधिकारी, उम्मेद सिंह झाझड़िया, धर्मेंद्र प्रधानाचार्य, बीआर चावला उप प्रधानाचार्य, करणी सिंह, रविंद्र धनखड़ व्याख्याता, राजकुमार सिहाग प्रधानाचार्य, बाबूलाल धाबाई, राजवीर रेपसवाल, अशोक पूनियां अतिरिक्त ब्लाक शिक्षा अधिकारी, सुरेंद्र डूडी प्रधानाचार्य, संदीप सैनी, राहुल डांगी, राजेंद्र कपूरिया प्रधानाचार्य, नवीन ढाका, कपिल डांगी प्रधानाचार्य, नवीन गढ़वाल प्रधानाचार्य, कमला व्याख्याता, सरिता, सुमित्रा दहिया, अंजना, सरोज, विमला, नीतू आदि मौजूद थी।

# 'विद्यालयों में अध्ययनरत विद्यार्थियों तक सभी सुविधाओं की पहुंच सुनिश्चित करें'

**चूरू** (निसं)। स्थानीय सोती भवन में समग्र शिक्षा अभियान की ओर से चूरू संभाग के झुंझुनूं, सीकर व चूरू जिलों में कार्यरत समसा अधिकारियों का तीन दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ संयुक्त निदेशक स्कूल शिक्षा बजरंग लाल स्वामी के मुख्य आतिथ्य में हुआ।

समग्र शिक्षा परियोजना में जिला एवं ब्लॉक स्तरीय कार्यालयों में पदस्थापित समस्त अधिकारियों की क्षमता संवर्धन के लिये इस प्रशिक्षण का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुये संयुक्त निदेशक स्वामी ने कहा कि अंतिम लाभार्थी राजकीय विद्यालयों में अध्ययनरत विद्यार्थियों तक सुविधाओं की पहुंच सुनिश्चित करें।

उन्होंने कहा कि समस्त कंपोनेंट की जानकारी होनी आवश्यक है। मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी व परियोजना समन्वयक गोविन्द सिंह राठौड ने प्रशिक्षणार्थियों को प्रत्येक गतिविधि की गहनता से जानकारी प्राप्त कर




संयुक्त निदेशक स्कूल शिक्षा बजरंग लाल स्वामी ने आवासीय प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ किया।

परियोजना कार्यप्रणाली को समझने की आवश्यकता बताया। राठौड ने अधिकारियों से अपने अनुभव साझा किए। अतिरिक्त जिला परियोजना समन्वयक संतोष कुमार महर्षि ने विभाग द्वारा संचालित गतिविधियों के बारे में जानकारी दी।

सहायक परियोजना समन्वयक रामनिवास पूनिया ने आगंतुकों का धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम अधिकारी जितेंद्र कुमार माली ने सभी का स्वागत किया। संदर्भ व्यक्ति मुकेश कुमार ने भी अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम का संचालन रणवीर धींधवाल ने किया।

## सार-समाचार

### श्रीमद्‌भागवत कथा शुरू

**सादुलपुर**, (निसं)। राजकुमार शाखोलिया परिवार की तरफ से श्री रामदेव मन्दिर राजगढ प्रांगण में गुरूवार को श्री रमाकांत गोस्वामी महाराज जी के मुखारविंद से संगीत मय अमृत श्रीमद् भागवत कथा शुरू हुई। शाम छः बजे दी जाानकारी में लुहारीवाला मन्दिर से कलश यात्रा निकाली गई, जो फोर पोल, घंटाघर, दरवाजा, शीतला बाजार, जोगी आश्रम होती हुई कथा स्थल श्री रामदेव मन्दिर प्रांगण में पहुंची। कलश यात्रा का पूनमचंद मोदी, व्यापार मंडल अध्यक्ष पवन मोहता, भाजपा जिला मंत्री डॉ. कौशल पूनिया, चेतन कंदोई व धोलू आदि ने पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। वहीं गुरूवार की कथा में भगवान के 24 अवतारों और भागवत कथा के महत्व, कथा सुनने के नियम आदि पर विस्तृत जानकारी दी गई। कथा में इन्दु कुमार गोस्वामी मंत्री गर्भस्थ शिशु संरक्षण समिति, महेंद्र कश्यप, नगरपालिका के पूर्व चेयरमैन नन्द किशोर मरोदिया, कमल बेदी, राजकुमार शर्मा, किशन शर्मा, पुजारी बाबूलाल स्वामी, सुशील भगत, डॉ. मनीराम शर्मा, भंवर सिंह राठौड, मांगे राम जांगिड, काशीराम शर्मा, प्रदीप स्वामी, नथमल शर्मा, सुरेश धरड, कोमल शर्मा, शकुंतला यादव, संतोष गोस्वामी, ज्योति, पूनम, रतनी, सुशीला, गायत्री, पूजा, टिंकू, सुमित्रा, सुमन आदि ने सक्रिय भूमिका निभाई। कथा में महाराज श्री के मुखारविंद से कथा के अनुसार सुंदर सुंदर गीत प्रस्तुत कर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया।

### 'तंबाकू बेचने के लिए प्रत्येक दुकानदार को लाइसेंस लेना अनिवार्य'

**झुंझुनूं**, (निसं)। शहर के व्यापारियों के साथ नगरपरिषद आयुक्त मुकेश कुमार द्वारा बैठक का आयोजन नगर परिषद सभागार कक्ष में किया गया। बैठक को संबोधित करते हुए आयुक्त मुकेश कुमार ने कहा कि शहर का कोई भी दुकानदार तंबाकू उत्पाद बेचना चाहता है या बेच रहा है तो नगर परिषद के नियमानुसार लाइसेंस लेना अनिवार्य है। आयुक्त ने कहा कि सभी प्रकार के दुकानदारों के लिए जो तंबाकू उत्पाद बेचना चाहते है। उन्हें नगर परिषद में पंजीयन कराकर लाइसेंस दिया जाएगा। आयुक्त मुकेश कुमार ने कहा कि नशा मुक्त झुंझुनूं शहर बनाने में सभी लोगों की सहभागिता आवश्यक है। उन्होने कहा कि शहर के समस्त शैक्षिणक संस्थानों के नजदीक 100 गज के दायरे में कोई भी दुकान नहीं होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि नई पीढ़ी को नशे की लत से बचाने के लिए यह मुहिम प्रारम्भ की गई है। उन्होंने आमजन व व्यापारियों से अपील करते हुए कहा कि नई पीढ़ी को नशा मुक्त पीढ़ी बनाने में सहयोग प्रदान करें।

### शाकंभरी माता के धोक लगाई

**झुंझुनूं**, (निसं)। राजस्थान प्रदेश की विप्र समाज के हितों को समर्पित गौड ब्राह्मण महासभा की झुंझुनूं इकाई के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों ने शेखावाटी के प्रसिद्ध मां शाकंभरी के दरबार में धोक लगाने के साथ ही क्षेत्रवासियों की मंगलकामना का आशीर्वाद लिया। इस अवसर पर एक संयुक्त वक्तव्य में सभी ने नव वर्ष पर विप्र समाज के सामाजिक व राजनीतिक स्तर पर उत्थान का संकल्प लिया। विप्र समाज के युवाओं को आगामी वर्ष में समाजहित में संगठन के साथ ज्यादा से ज्यादा जोड़ने के लिए प्रेरित करने से ही समाज में नई उर्जा का संचार का संचार होगा। किसी भी समाज की रीढ युवा पीढी होती है और विप्र समाज के युवाओं द्वारा ही सामाजिक बुराई को खत्म किया जा सकता है। नव वर्ष में गौड ब्राह्मण महासभा निश्चित रूप से सामाजिक सरोकार के नए आयाम स्थापित करेगा। ऐसा आशीर्वाद मां शाकंभरी से आशीर्वाद लिया। इस अवसर पर ब्राह्मण नेता शिवचरण पुरोहित, महेश बसावतिया, उमाशंकर महमिया, प्रदीप शर्मा अलसीसर, सुरेंद्र शर्मा ढाणीवाला आदि ने मां शाकंभरी के दर्शन किए।

### रिटर्निंग ऑफिसर नियुक्त

**सीकर** (निसं)। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं जिला कलेक्टर मुकुल शर्मा ने आदेश जारी कर नगरीय निकायों के उप चुनाव माह जनवरी 2025 से संबधित मतगणना नगरपालिका रींगस के वार्ड संख्या 12 के निर्वाचन के लिए राबाउमावि रींगस में 10 जनवरी 2025 को प्रातः 9 बजे की जावेगी, जिसके लिए मतगणना के लिए रिटर्निंग ऑफिसर तथा सहायक रिटर्निंग ऑफिसर नियुक्त किये गये है। आदेशानुसार रींगस में राबाउमावि रींगस कमरा नम्बर 13 में मतगणना कक्ष में टेबल संख्या 1 में उपखण्ड अधिकारी एवं उपखण्ड मजिस्ट्रेट रींगस को नियुक्त किया गया है। संबधित रिटर्निंग अधिकारी, सहायक रिटर्निंग अधिकारी अपने स्टाफ के साथ 9 जनवरी 2025 सायं 5 बजे तक मतगणना कक्ष की पूर्ण तैयारी करवायी जाकर निर्वाचन भण्डार से आवश्यक सामग्री प्राप्त कर मतगणना सम्बन्धी समग्र व्यवस्था यथा टेबल नम्बर एवं टेबल पर प्रदाय योग्य सामग्री कम्प्यूटर स्थापना एवं अन्य अपेक्षित व्यवस्थाएं सुनिश्चित करते हुए 10 जनवरी 2025 को प्रातः 7 बजे से पूर्व संबंधित मतगणना स्थल पर पहुंचना सुनिश्चित करें।

### भगवत कथा का समापन

**झुंझुनूं**, (निसं)। बगड़ रोड स्थित शहीद इंद्रसिह स्मारक के समक्ष छैला नगर में चल रही श्रीमद्भागवत महापुराण कथा सप्ताह के समापन के अवसर पर भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष एव जिला प्रवक्ता कमलकांत शर्मा की अगुवाई में मोहल्लेवासियों ने भागवत पुराण की पूजा अर्चना, आरती कर भगवान श्री कृष्णचंद्र का आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर व्यास पीठ पर विराजमान कथा वाचक मानवानंद महाराज व मोहल्ले के बजरंगलाल सैनी ने मंडल अध्यक्ष कमलकांत शर्मा का माला व दुपट्टा पहनाकर सम्मान किया। कथा वाचक मानवानंद महाराज ने भक्ति के प्रसंग पर प्रकाश डालते हुए कहा कि भगवान की भक्ति की महिमा अपार है। ईश्वर की भक्ति से मनुष्य सभी पापों से मुक्त होकर अंत में प्रभु के चरणों में स्थान प्राप्त कर मोक्ष को प्राप्त होता है। इस मौके पर बडी संख्या में मोहल्लेवासी श्रद्धालु भक्त मौजूद रहे।

### न्यायाधीश द्वारकाधीश का अभिनंदन

**सूरजगढ़**, (निसं)। क्षेत्र की ग्राम पंचायत काजडा में मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय के न्यायाधीश द्वारकाधीश बंसल अपनी पत्नी सुषमा बंसल व परिवार जन के साथ में काजडा पधारने पर ग्राम पंचायत सरपंच मंजू तंवर ने न्यायाधीश सहित परिवारजन को साफा पहनाते हुए शॉल ओढ़ाकर स्वागत किया। जस्टिस बंसल अपने परिवार सहित कुलदेवी श्री रेजड़ी केजड़ी माता के दरबार में हाजिरी लगाई एवं देश में खुशहाली की कामना की। माताजी मंदिर के पंडित भरत नागवान ने पूजा अर्चना कराते बंसल परिवार को माता की चुनरी भेंट की। इस मौके पर विनय बंसल, आनंद बंसल, राकेश बंसल, सामाजिक कार्यकर्ता मनजीत सिंह तंवर, लक्ष्मीकांत जोशी, हिमांशु नागवान, मुकेश सैन उपस्थित रहे।

### समीक्षा बैठक आयोजित

**झुंझुनूं**, (निसं)। जिला कलेक्टर रामावतार मीणा ने जन स्वास्थ्य एवं अभियांत्रिकी विभाग एवं भूजल विभाग के समन्वय से वर्षा जल संचय के लिए शुरू किए गए कर्म भूमि से मातृभूमि अभियान के संबंध में समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिए। बैठक में जिला कलेक्टर मीणा ने कहा कि वर्षा जल के संचय के लिए यह बेहद उपयोगी व आवश्यक है। संबंधित अधिकारी इस पर विशेष कार्य योजना बनाकर काम करें, ताकि जिले वासियों को पेयजल संकट से मुक्ति मिले। आपको बता दें कि झुंझुनूं जिले के प्रवासी उद्यमी कैलाश हाकिम के नेतृत्व में कर्म भूमि से मातृ भूमि तक अभियान के तहत सामाजिक सरोकार से जुड़े कार्य किए जा रहे है।

### पौषबड़ा महोत्सव मनाया

**मुकुंदगढ़**, (निसं)। शहर में स्थित अराध्य संत परमहंस बावलिया बाबा मंदिर परिसर में गुरुवार शाम को पौष बड़ा महोत्सव मनाया गया। मंदिर पुजारी रामगोपाल शर्मा ने बताया कि बाबा का शृंगार कर बाबा को हलवा, कोफता का भोग लगाकर महाआरती कर भक्तों को प्रसाद वितरण किया गया।

**कार्यालय नगरपालिका मण्डल रावतसर, जिला हनुमानगढ़ (राज.)**

क्रमांक :- न.पा.रा./भूमि/2024/ दिनांक:-........

**आपत्ति-आमंत्रण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री अरविन्द पुत्र श्री मनीराम जाति जाट निवासी चक 14 केएम कनवानी तहसील रावतसर जिला हनुमानगढ़ ने प्रार्थना पत्र प्रस्तुत कर अपने आवासीय भूखंड साईज 2000 वर्गफुट का नामांतरण श्री अरविन्द पुत्र श्री मनीराम जाट, जयकिशन पुत्र श्री महावीर प्रसाद डूडानी जाति महेश्वरी निवासी वार्ड नं. 20 रावतसर व श्री मुकेश कुमार पुत्र श्री भागीरथ जाति स्वामी निवासी वार्ड नं. 15 रामपुरा मटोरिया के नाम से पालिका रिकॉर्ड में दर्ज करवाना चाहते है। मूल पट्टा नगरपालिका रावतसर द्वारा श्री सिकंदर पुत्र नंदराम जाति जाट के नाम से साईज 2000 वर्गफुट का जारीशुदा है। श्री सिकंदर ने उक्त भूखंड में से साईज 285.71 वर्गफुट जरिये पंजीकृत बैयनामा दिनांक 13.10.2023 द्वारा श्री हेतराम पुत्र श्री हरीराम को, सिकंदर ने उक्त भूखंड में से 285.71 वर्गफुट जरिये पंजीकृत बैयनामा दिनांक 20.10.2023 द्वारा श्री जगतपाल पुत्र श्री साहबराम जाति जाट को, साईज 285.71 वर्गफुट जरिये पंजीकृत बैयनामा दिनांक 08.02.2024 द्वारा श्री रामेश्वर पुत्र श्री मनफुल जाति जाट को, उक्त साईज में से 3/7 हिस्सा जरिये पंजीकृत बैयनामा दिनांक 08.02.2024 द्वारा श्री राजकुमार पुत्र श्री महेन्द्रराम जाति जाट को, साईज 285.71 वर्गफुट जरिये पंजीकृत बैयनामा दिनांक 12.07.2024 द्वारा श्री अरविन्द पुत्र श्री मनीराम जाट वगैरह को बैचान कर दिया। श्री राजकुमार ने उक्त भूखंड साईज 3/7 हिस्सा यानि 857.16 वर्गफुट जरिये पंजीकृत बैयनामा दिनांक 12.07.2024 द्वारा श्री अरविन्द पुत्र श्री मनीराम जाट वगैरह को बैचान कर दिया। श्री रामेश्वरलाल ने अपना हिस्सा साईज 285.71 वर्गफुट जरिये पंजीकृत बैयनामा दिनांक 14.03.2024 द्वारा श्री हेतराम पुत्र श्री हरीराम को बैचान कर दिया। श्री हेतराम ने उक्त भूखंड जरिये पंजीकृत बैयनामा दिनांक 12.07.2024 द्वारा श्री अरविन्द पुत्र श्री मनीराम जाट को बैचान कर दिया। श्री जगतपाल ने उक्त भूखंड जरिये पंजीकृत बैयनामा दिनांक 12.07.2024 द्वारा श्री अरविन्द पुत्र श्री मनीराम जाट वगैरह को बैचान कर दिया। इस प्रकार प्रार्थी कुल साईज 2000 वर्गफुट पर काबिज हुए, जिसका प्रार्थी नामांतरण अपने नाम से पालिका रिकॉर्ड में दर्ज करवाना चाहते हैं। अतः उक्त आवासीय भूखंड का नामांतरण दर्ज करने में अगर किसी को कोई आपत्ति हो, तो इस सूचना के समाचार पत्र में प्रकाशन होने के 07 दिवस की अवधि में अपनी आपत्ति इस कार्यालय में प्रस्तुत कर सकता है। निर्धारित अवधि के पश्चात प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

रजनीश चौधरी, अधिशाषी अधिकारी, नगरपालिका रावतसर